प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 02.08.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त की जारी : लगभग 22 सौ करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का किया शुभारम्भ।
2. प्रधानमंत्री ने कहा— ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने पहलगाम आतंकी हमले के पीड़ितों को दिलाया न्याय।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा— पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में शुरू की गई योजनाओं से किसानों को मिल रहा है लाभ।
4. अयोध्या के डोगरा रेजीमेंट सेंटर में विभिन्न जिलों के उम्मीदवारों के लिये 5 अगस्त से शुरू होगी अग्निवीर भर्ती।

और

5. बारिश के कारण राज्य में गंगा और यमुना नदी उफान पर : मुख्यमंत्री ने बाढ़ राहत के लिये टीम इलेवन का किया गठन।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज वाराणसी से किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी की और देशभर के 9 करोड़ 70 लाख से ज्यादा किसानों के बैंक खातों में सीधे 20 हजार पांच सौ करोड़ रुपये से अधिक अंतरित किए

गए। प्रधानमंत्री ने लगभग 22 सौ करोड़ रुपये की 52 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी किया। सेवापुरी स्थित बनौली गांव में जनसभा को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री ने काशी से अपने जुड़ाव पर प्रकाश डाला और ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को बाबा विश्वनाथ को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 140 करोड़ लोगों की एकता और शक्ति के परिणाम स्वरूप ऑपरेशन सिंदूर सफल हुआ। बाइट.....

*आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं। काशी के मेरे मालिकों मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने का जो वचन दिया था, वो पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही संभव हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं।*

प्रधानमंत्री ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि यह नया भारत है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पूरी दुनिया ने आत्मनिर्भर भारत की ताकत देखी। प्रधानमंत्री ने इस बात पर ज़ोर दिया कि आने वाले दिनों में उत्तर प्रदेश में बनी ब्रह्मोस मिसाइलें और हथियार दुश्मनों का सफ़ाया कर देंगे। बाइट.....

*आपरेशन सिन्दूर के दौरान भारत के स्वदेशी हथियारों की ताकत पूरी दुनिया ने देखी है खासकर हमारी ब्रह्मोस मिसाइलें इनकी दहशत भारत के हर दुश्मन के भीतर भर गई है मुझे खुशी है कि वो ब्रह्मोस मिसाइले हमारे यूपी में भी बनेगी, लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की मैन्यूफैक्चिरिंग शुरू हो रही है।*

किसानों का ज़िक्र करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, किसानों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का एक उदाहरण है।

प्रधानमंत्री ने बताया कि पीएम किसान सम्मान निधि के तहत अब तक किसानों के खातों में 3 लाख 75 हजार करोड़ रुपये अंतरित किए जा चुके हैं, इसमें से 90 हज़ार करोड़ रुपये उत्तर प्रदेश के ढाई करोड़ किसानों को और 900 करोड़ रुपये काशी के किसानों को दिए गए हैं। बाइट.

*आज यहां एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। देश के दस करोड़ किसान भाईयों–बहनों के खातों में 21 हजार करोड़ रुपए पीएम किसान सम्मान नीधि के रूप में भेजे गये हैं और जब काशी से धन जाता है ना वो तो अपने आप प्रसाद बन जाता है।*

प्रधानमंत्री ने बताया कि सरकार ने किसानों के लिए एक नई याजना, पीएम धन धान्य योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 24000 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे और योजना के तहत छोटे जिलों पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। इस दौरान प्रधानमंत्री ने नागरिकों से आह्वान किया कि देश को दुनिया की तीसरी महाशक्ति बनाने के लिये स्वदेशी को अपनाना ही होगा।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पूरी दुनिया ने नए भारत के सामर्थ्य को देखा है। उन्होंने कहा कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में किसानों के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई हैं। बाइट...

*उत्तर प्रदेश के अंदर इस बात को महसूस करते हैं करोड़ों किसान इन योजनाओं के साथ जुड़ करके आत्मनिर्भर और विकसित भारत की इस परिकल्पना को साकार करने के लिए अपना योगदान देने के लिए तैयार हैं।*

विभिन्न जिलों में आज पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया गया, जिसमें प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण देखा गया। शामली के किसान राजन जागरा ने किसान सम्मान निधि मिलने पर खुशी व्यक्त की। बाइट.....

*भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री जी के द्वारा आज किसानों के सम्मान में किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 2000 पर मेरे खाते में आये है जिससे हमें खाद बीज यूरियादबाई लेने में बहुत आसानी हो जाती है मैं प्रधानमंत्री जी का धन्यवाद करता हूँ।*

प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय वयोश्री और एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों और वृद्धजनों को निशुल्क सहायक उपकरण वितरित किये। वाराणसी के छात्र राहुल गुप्ता ने उपकरण मिलने पर प्रधानमंत्री का आभार जताया। बाइट....

*मुझे बहुत अच्छा लग रहा है, बहुत खुशी हो रहा है कि मुझे ये सुविधा दिये हैं और इसके लिए मैं उनका तहे दिल से धन्यवाद करता हूँ और मुझे उम्मीद है कि आने वाले समय भी वो ऐसे ही हमको दिव्यांगजनों को लाभ देते रहेंगे।*

————————

मेरठ के सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि विश्वविद्यालय में आज पीएम किसान उत्सव दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर शामिल हुए। उन्होंने सांसद अरुण गोविल के साथ किसानों और एफपीओ द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन

किया। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री ने किसानों के कल्याण के लिए जो काम किया है, वह अदभुत है। उन्होंने प्रधानमंत्री द्वारा आज किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने पर कहा कि इससे किसानों को कृषि संबंधी कार्यों में सहयोग मिलेगा।

—————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश में हर घर तिरंगा अभियान आज से शुरू हो गया है। यह अभियान 15 अगस्त तक तीन चरणों में चलेगा। पहला चरण दो से आठ अगस्त, दूसरा चरण नौ से 12 अगस्त और तीसरा चरण 13 से 15 अगस्त के बीच आयोजित किया जाएगा। मुख्य सचिव एस.पी गोयल ने इसको लेकर विस्तृत आदेश जारी कर दिए हैं।

—————————

चुनाव आयोग ने बूथ स्तर के अधिकारियों– बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और मतदाता सूची

तैयार करने एवं पुनरीक्षण कार्य में शामिल बीएलओ पर्यवेक्षकों का पारिश्रमिक भी बढ़ा दिया है। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि संशोधित ढांचे के अनुसार, बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हज़ार रुपये से दोगुना करके बारह हज़ार रुपये कर दिया गया है।

————————

अयोध्या के डोगरा रेजीमेंट सेंटर में विभिन्न जिलों के उम्मीदवारों के लिये 5 अगस्त से अग्निवीर भर्ती शुरू हो रही है, जो 18 अगस्त तक चलेगी। जिला प्रशासन की ओर से अपर जिलाधिकारी नगर योगानन्द पांडेय अग्निवीर भर्ती का कोऑर्डिनेशन करेंगे। इसमें विभिन्न श्रेणियों के लिये भर्ती होगी। अपर जिलाधिकारी नगर ने बताया कि सभी प्रतिभागी पहले ही ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण कर चुके हैं और अब शारीरिक परीक्षण देंगे। उन्होंने बताया कि भर्ती को लेकर सभी तैयारियां पूरो कर ली गई है। बाइट....

*हमारे जनपद में 5 अगस्त से ले करके 18 अगस्त के बीच में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया पूरी की जानी है जिसके लिए सेना–स्तर से तैयारी चल रही है साथ ही साथ हमारे बहुत सारे स्टेकोल्डर्स हैं तो वो सभी की बैठकें करा ले गई हैं सबको क्या–क्या उनके दायित्व हैं ये सबको बता दिये गये हैं सभी की प्रोसिडिंगजारी कर दी गयी है।*

————————

प्रदेश में रुक–रुक कर हो रही बारिश का सिलसिला जारी है। कई जनपदों में नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़

रहा है। प्रयागराज में गंगा और यमुना नदी का जलस्तर खतरे के निशान के करीब पहुंच गया है। वहीं वाराणसी, गाजीपुर और मिर्जापुर में गंगा नदी खतरे के निशान की ओर तेजी से बढ़ रही है, लोग सुरक्षित स्थानों की ओर पलायन कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज वाराणसी कमिश्नर एस. राजलिंगम और जिलाधिकारी सत्येन्द्र कुमार के साथ बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया और राहत कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत और बचाव कार्यों में कोई कमी न रहे। इस बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए राहत और बचाव कार्यों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिये मंत्रियों की विशेष टीम इलेवन का गठन किया है, जो बाढ़ प्रभावित 12 जनपदों में राहत कार्यों की निगरानी करेगी और सुनिश्चित करेगी कि कोई भी पीड़ित सहायता से वंचित न रह जाये।

उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रभारी मंत्री तत्काल अपने–अपने जिलों का दौरा करे और राहत शिविरों का निरीक्षण करे।

(समाप्त)